तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 15 जून 2026

[अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज]

2 कलेक्टर ने रक्तदान कर लोगों को किया प्रेरित

(अंबिकापुर) प्रवेश प्रारंभ (अंबिकापुर)
प्रतिमाह मात्र 999/-में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: माखन विहार के बाजू में (कन्या परिसर रोड) अजरिमा अंबिकापुर
मो. 9203914565, 9713310420, 9203914561

खबर संक्षेप

अजा, अजजा विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत चयन परीक्षा 5 जुलाई को

बलरामपुर। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना सत्र 2026-27 के अंतर्गत कक्षा 6वीं में राज्य के उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिले के पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ने बताया कि योजना के अंतर्गत चयन परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा। इस परीक्षा के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में अध्ययन का अवसर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी का छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है। आवेदक अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना चाहिए तथा उसके पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। विद्यार्थी छत्तीसगढ़ की मान्यता प्राप्त शाला में कक्षा 5वीं में नियमित अध्ययनरत हो तथा कक्षा 4वीं की परीक्षा में न्यूनतम 80 प्रतिशत अंक अथवा समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो। अभिभावक की वार्षिक आय सभी स्त्रोतों से 2 लाख 50 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को ही दिया जाएगा। नगर पालिका एवं नगर निगम क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी इसके लिए पात्र नहीं होंगे। योजना में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 2 प्रतिशत सीटे आरक्षित है। जिन्हें निर्धारित प्रावधानों के अनुसार लाभ प्रदान किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी निर्धारित आवेदन पत्र अपने विद्यालय के प्राचार्य अथवा प्रधान पाठक के माध्यम से जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 जून शाम 5 बजे निर्धारित की गई है।

100 नग नशीली इंजेक्शन के साथ आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। अवैध नशीली इंजेक्शन की तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पस्ता

पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही उसके पास से नशीला इंजेक्शन बरामद किया है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के पस्ता पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बिना नम्बर प्लेट की सफ़ेद रंग की बाइक से शंकरगढ़ से पस्ता की ओर आ रहा है। बाइक सवार के पास भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन मौजूद है। सूचना के बाद पुलिस ने बासेन कोदोडीपा कोलावाड़ी में घेराबंदी कर बासेन निवासी 54 वर्षीय अतिकुर रहमान आ. जसिमुद्दीन को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की। इस दौरान आरोपी पुलिस को गुमराह करता रहा। पुलिस ने जब आरोपी के बाइक के डिक्की की तलाशी ली तो उसके पास से 4 शील बन्द पैकेट कुल 100 नग नशीली इंजेक्शन बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी से इंजेक्शन, घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त करने के साथ ही आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 सी के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

7 लोगों को लिया गया हिरासत में

जमीन विवाद पर खूनी खेल, 6.30 एकड़ भूमि के लिए कर दी बुजुर्ग की निर्मम हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेदम

रविवार को जमीन के वर्षों पुराने विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। जमीन पर कब्जा करने की नियत से पहुंचे दबंगों ने पहले तो ग्रामीण की बेदम पिटाई की। अपनी जान बचाकर भाग रहे बुजुर्ग को ट्रैक्टर से घसीटते हुए लेजाकर कुचल दिया गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। दिनदहाड़े जमीन पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में की गई हत्या से लोगों में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में सात से आठ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

खास बात

- पहले की बेदम पिटाई फिर ट्रैक्टर से घसीटने के बाद कुचलकर उतारा मौत के घाट, लोगों में दहशत, जांच में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है कि कि विकासखंड के ग्राम पंचायत सिलमा में लगभग साढ़े छह एकड़ एकड़ भूमि को लेकर दो पक्षों के बीच पिछले पांच वर्षों से विवाद चल रहा है। उक्त जमीन के नामांतरण का मामला वर्तमान में राजस्व विभाग में लंबित भी है। उक्त भूमि पर पहले से धनेश्वरी पति होशराम का कब्जा है लेकिन इसी जमीन पर उमेश पैंकरा आ. बजरंग पैकरा व अन्य लोगों द्वारा भी अपना कब्जा होने का दावा किया जाता है। वर्तमान में भी उक्त जमीन पर होशराम द्वारा धान की फसल लगाने के लिए तैयारी की गई थी लेकिन इस बीच रविवार को होशराम को सूचना मिली कि दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा भी ट्रैक्टर के माध्यम से उक्त खेत को जोतने के साथ ही खेती करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में सुबह 11 बजे 60 वर्षीय होशराम दूसरे पक्ष को समझाने और रोकने के लिए पहुंचा हुआ था लेकिन लाठी डंडों से लैस होकर पहले से पहुंचे हुए दूसरे पक्ष के लोगों ने बुजुर्ग होशराम की पहले तो बेदम पिटाई की। उमेश पैकरा और उसके साथियों होशराम को इतना मारा कि वह अधमरा हो गया। जब बुजुर्ग आरोपियों से बचकर भागने लगा तो आरोपियों ने पहले बुजुर्ग को काफी दूर तक खेत में ट्रैक्टर से घसीटा और फिर कुचलकर हत्या कर दी। ट्रैक्टर के नीचे कुचलने से बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद गांव में ▶▶ शेष पेज 4 पर

घटना स्थल पर जांच करती पुलिस।

दोनों पक्षों को दिया आदेश बना विवाद की वजह

बताया जा रहा है कि ग्राम सिलमा की निजी पट्टे की 6.30 भूमि धनेश्वरी पति होशराम की बड़ी सास कामेश्वरी पति झोरी के नाम पर है, कामेश्वरी निसंतान थी और उसका भरण पोषण धनेश्वरी द्वारा किया जाता था। महिला ने अपने जीवनकाल में ही 6.30 एकड़ भूमि का वसीयतनामा धनेश्वरी के नाम कर दिया था लेकिन कामेश्वरी के भतीजा भुनेश्वर पैंकरा भी 6.30 एकड़ भूमि में अपने शिक्षक पुत्र बजरंग पैंकरा के साथ राजस्व विभाग में दावा ठोककर अपना नाम दर्ज करवा लिया। दोनों परिवारों द्वारा उक्त भूमि पर अपना दावा किया जाता है और मामला एसडीएम कार्यालय में चल रहा था। इस दौरान तत्कालीन एसडीएम नीरज कौशिक द्वारा 25 अप्रैल 2025 को पहला आदेश कर होशराम के परिवार के नाम पर नामांतरण का आदेश कर दिया जबकि 18 सितंबर 2025 को उन्होंने दूसरे पक्ष के नाम नामांतरण का आदेश कर दिया और यही से दोनों पक्षों के बीच विवाद और भी गहराता गया।

लगा रहे थे चक्कर, नहीं हुई सुनवाई

पहले से भूमि पर काबिज होशराम अपनी पत्नी धनेश्वरी, पुत्र महेंद्र के साथ लगातार कलेक्टर, एसडीएम व तहसील कार्यालय के चक्कर लगा रहा था। चार से पांच दिनों पहले ही परिवार ने बतौली थाने में जाकर आवेदन देने के साथ ही घटना की आशंका जताते हुए मदद की गुहार लगाई थी लेकिन अधिकारियों ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया। यदि समय रहते कार्रवाई की गई होती तो इस घटना को शायद रोका जा सकता था। हालांकि अब पुलिस ने इस मामले में 7-8 लोगों को हिरासत में लिया है और घटना की जांच चल रही है।

चल रही है जांच

सिलमा में दो पक्षों के बीच जमीन विवाद था। पहले पहले द्वारा उक्त जमीन पर खेती की जाती थी और आज दूसरा पक्ष भी खेत जोताई करने के लिए पहुंचा हुआ था। बुजुर्ग जब रोकने के लिए पहुंचा तो उसके साथ मारपीट करने के बाद ट्रैक्टर से घसीटकर ले गए और कुचलकर हत्या कर दी। मामले की जांच चल रही है। लोगों को हिरासत में लिया गया है और जांच चल रही है।

-राजेन्द्र मंडावी
एसडीओपी

भालू के हमले में शोर मचा रहे चार ग्रामीण लहूलुहान, एक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिहारपुर

रविवार को ग्राम पंचायत बिहारपुर के चौकापारा में उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब जंगल से भटककर एक भालू बस्ती में पहुंच कर चार लोगों पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वन विभाग द्वारा कड़ी मशक्कत कर भालू को जंगल की ओर खदेड़ा गया है। भालू दोबारा बस्ती में न आ सके इसके लिए चार चौकीदारों की ड्यूटी लगाई गई है।

- दोपहर में बिहारपुर एवं अवन्तिकापुर बस्ती में पहुंचा भालू

रविवार को दोपहर 12.30 बजे जंगल से भटककर एक भालू बिहारपुर चौकापारा बस्ती में पहुंच गया। भालू को देखते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए एवं भालू के पीछे दौड़ते हुए शोर मचाने लगे। ग्रामीणों के शोर सुनकर आक्रोशित भालू ने भीड़ पर हमला कर दिया। इस दौरान भीड़ में शामिल ग्रामीण इधर-उधर भाग निकले जबकि श्याम बिहारी आ.रामरक्षा (60वर्ष) एवं रामकृष्ण आ.श्याम बिहारी भालू के चपेट में आ गए। भालू ने अपने नाखून एवं जबड़े से हमला कर दोनों को लहूलुहान कर दिया कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को भालू से मुक्त कराया गया। ग्रामीण भालू के हमले में गंभीर रूप से घायल ग्रामीणों की देखरेख में व्यस्त थे इधर भालू दौड़ते हुए ग्राम पंचायत अवन्तिकापुर बस्ती में पहुंच गया। अवन्तिकापुर में भी भालू को गांव की गलियों में घूमते देख बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए एवं शोर मचाने लगे। इस दौरान भालू एक गड्ढे में रखे पत्थर के चट्टानों के बीच छिप गया। वनकर्मियों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जेसीबी मंगवाया जेसीबी द्वारा पत्थर हटाते ही भालू बाहर निकलकर गांव की गलियों में दौड़ने लगा। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा शोर मचाने पर भालू ने भीड़ पर हमला कर दिया। हमले में भालू ने अपने नाखून एवं दांतों को नागेन्द्र चौहान आ.कैलाश मोहन (40वर्ष) एवं अवधेश कुमार आ.नारायण दास (18वर्ष) को लहूलुहान कर दिया। भालू ने अवधेश कुमार के चेहरे, आंख, पेट सहित शरीर के अन्य हिस्सों का मांस नोच दिया है। चारों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर में भर्ती कराया गया जहां अवधेश कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्रारंभिक उपचार उपरांत बैढ़न ट्रामा सेंटर रिफर किया गया है जबकि अन्य घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है। बस्ती में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित ▶▶ शेष पेज 4 पर

कोटराही जंगल में युवती से सामूहिक दुष्कर्म, तीन आरोपी हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ वाड्रफनगर

एक युवती के साथ कोटराही जंगल में सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बड़ी बात यह है कि आरोपियों ने युवती के फुफेरे भाई के हाथपैर बांधकर उसकी बंधक बना लिया और पिटाई की। आरोपियों ने भाई के सामने ही बहन के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और फरार हो गए। घटना के बाद किसी तरह पुलिस चौकी पहुंचे पीड़ितों ने घटना की शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज करने के साथ ही घटना की जांच की जा रही है। पुलिस ने तीनों युवकों को भी हिरासत में लिया है।

- फुफेरे भाई के साथ जा रही थी युवती, भाई के हाथपैर बांधकर बानाया बंधक

बताया जा रहा है कि बसंतपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली 19 वर्षीया युवती रविवार की दोपहर अपने फुफेरे भाई के साथ रिश्तेदार के घर जाने के लिए घर से निकली थी। युवती अपने भाई के साथ कोटराही जंगल होते हुए जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने पूछताछ के बहाने उनका रास्ता रोका और फिर धमकाते हुए जंगल के अन्दर ले गए। इस दौरान दोनों ने मिलकर युवती के भाई के हाथ पैर बांधकर उसे बंधक बना लिया और युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इतना ही नहीं आरोपियों ने फोन कर अपने एक अन्य साथी को भी मौके पर बुलाया जिसके बाद तीसरे युवक ने भी यूवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। सामूहिक दुष्कर्म के बाद तीनों आरोपी ▶▶ शेष पेज 4 पर

युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म, घर में बंधक बनाकर रखा

अंबिकापुर। युवती से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपियों ने युवती के साथ गैंग रेप किया और उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामलें में जांच उपरान्त फरार चल रहे दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 मई की रात आठ बजे गुरविंदर सिंह अपने साथी रितिक बंगाली के साथ जबरन युवती को पकड़ लिया। इस दौरान आरोपी गुरविन्दर सिंह ने युवती का हाथ पैर पकड़ लिया जबकि उसे साथी रितिक बंगाली ने युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इतना ही नहीं आरोपियों ने युवती को जान से मारने की धमकी देकर डराया धमकाया और बंधक बनाकर अपने घर में रखा था। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर भागी युवती ने घटना की शिकायत पुलिस से की जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी जयनगर सिलफिली बंगाली पारा निवासी 21 वर्षीय रितिक विश्वास आ. गोपीनाथ विस्वाश व डिगमा निवासी 26 वर्षीय गुरविंदर सिंह आ. श्याम सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी, आरक्षक अरविन्द उपाध्याय, ऋषभ सिंह, अमृत सिंह इत्यादि सक्रिय रहे।

- पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

जयनगर एसएचओ कुंतल, खड़गवां चौकी प्रभारी रघुवंश सहित प्रधान आरक्षक राजपूत को किया गया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

आईजी सरगुजा रेंज दीपक झा ने जयनगर थाना प्रभारी रूपेश कुंतल एक्का एवं थाना के प्रधान आरक्षक संजय सिंह राजपूत को निलंबित कर दिया है, इसके अलावा पुलिस अभिरक्षा से मुलजिम के भाग जाने मामले में सूरजपुर एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने खड़गवां चौकी प्रभारी रघुवंश सिंह को निलंबित कर दिया है।

- सूरजपुर जिले में आधा दर्जन पुलिस अधिकारियों के हुए तबादले, कई थाना-चौकी के प्रभारी बदले गए

बताया गया कि केनापारा तेलईकछार निवासी अजय सोनी और मनोज गुप्ता के बीच हुए विवाद में मनोज गुप्ता द्वारा अजय सोनी को तलवार निकालते हुए धमकाने गाली गलौज करने के मामले में प्राथी द्वारा जयनगर पुलिस को घटना की वीडियो सबूत दिए जाने के बावजूद पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ सामान्य धाराओं में मामला दर्ज करने एवं विवेचना में लापरवाही बरतने के आरोप में अजय सोनी की दस्तावेजी शिकायत पर आईजी ने जयनगर थाना प्रभारी रूपेश कुंतल एक्का एवं थाने के प्रधान आरक्षक संजय सिंह राजपूत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार आईजी कार्यालय ने निलंबन का आदेश शुक्रवार को ही जारी कर दिया था, वहीं पुलिस अभिरक्षा से मुलजिम के फरार हो जाने के बाद एसएसपी सूरजपुर ने खड़गवां चौकी प्रभारी रघुवंश सिंह को निलंबित कर दिया है, एसएसपी ने यहां लाइन में पदस्थ उपनिरीक्षक सरफराज फिरदौसी को खड़गवां का नया चौकी प्रभारी नियुक्त किया है। शनिवार को एसएसपी ने जयनगर थाना प्रभारी के पद पर रक्षित केंद्र में पदस्थ निरीक्षक नरेंद्र मिश्रा को जयनगर थाना प्रभारी नियुक्त किया है,इसके अतिरिक्त भाजपा कार्यकर्ताओं से नाराजगी व मनमुटाव हो जाने से भटगांव थाना प्रभारी मनोज सिंह को भी एसएसपी ने वहां से हटाकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के शिकायत शाखा में पोस्टिंग दे दी है,उनकी जगह रक्षित केंद्र में पदस्थ निरीक्षक बृजेश सिन्हा को भटगांव थाना प्रभारी नियुक्त किया गया हैसाथ ही अभी कुछ माह पूर्व रामानुजनगर में हुए बवाल के बाद हटाए गए निरीक्षक राजेंद्र साहू को एसएसपी ने पुनः रामानुजनगर थाना प्रभारी नियुक्त कर दिया है। रामानुजनगर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गंगा साय पैकरा को सलका चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है,सलका चौकी प्रभारी एएसआई गुड्डू कुशवाहा को प्रेमनगर में पोस्टिंग दी गई है।

व्यापारी हुआ उठाईगिरी का शिकार, एक लाख लेकर भागे चोर

सेदम। साप्ताहिक बाजार में गल्ला व्यवसायी उठाईगिरी का शिकार हो गया। व्यवसायी के पिकअप में मौजूद एक लाख रूपए नगदी से भरा बैग उठाकर चोर फरार हो गए। इस घटना के बाद बाजार में हड़कंप मच गया। उठाईगिरी की सूचना पर पुलिस मामले की जांच कर रही है इसके साथ ही इन घटनाओं को लेकर लोगों में रोष का माहौल है।

बताया जा रहा है कि मैनपाट के कोट निवासी विशाल गुप्ता आ. सत्यनारायण गुप्ता गल्ला व्यापारी है और अपने पिकअप वाहन से ही वे सामान की खरीददारी करने के लिए बाजार जाते है। शुक्रवार को भी विशाल गुप्ता बतौली के ग्राम मंगारी में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में सामान गल्ला खरीदी करने आए हुए थे। इस दौरान उन्होंने बाजार में सामान की खरीदी की और फिर सामानों को पिकअप में लोड़कर वापस जाने की तैयारी कर रहे थे। व्यवसायी ने अपना एक लाख रूपए से भरा बैग पिअकप में ही रखा था लेकिन जब वापस जाने के लिए वे अपने वाहन के पास पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। उनके एक लाख रूपए से भरा बैग गायब था। इस घटना के बाद बाजार में हड़कंप मच गया। लगातार हो रही उठाई गिरी और और चोरियों से व्यवसायियों में दहशत का माहौल है इसके साथ ही लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आक्रोश है। विदित हो कि सीतापुर थाना क्षेत्र में संचालित मंगारी बाजार में सुरक्षा के इंतजाम में कमी है जिससे चोरों के हौसले बुलंद है। पुलिस के पहुंच से दूर मंगारी बाजार से सीतापुर थाना की दूरी 12 किलोमीटर है जिससे बगैर पुलिस के निगरानी से सोना चांदी के व्यापारी सेदम निवासी अतुल सोनी के 5 लाख की लगभग सोने चांदी से भरे समान के झोला पार कर दिए थे, इस चोरी के घटना से पीड़ित व्यापारी आज भी अपने दुकान को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई करने मशक्कत कर रहे है वहीं अब गल्ला व्यापारी के 1 लाख रुपए से भरी बैग की थैली पिकअप से पार कर चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दे रहे है। इन घटनाओं के बाद व्यापारियों ने सुरक्षा बढ़ाने के साथ आपराधिक गतिविधियों में रोक लगाने की मांग की है।

लोगों में दहशत का माहौल, सूचना के बाद भी नहीं पहुंची वन विभाग की टीम

बड़सरा-खोड़ जंगल में बाघ की दस्तक, भैंस को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैयाथान

जिले के एक बार फिर से बाघ ने दस्तक दी है। बाघ ने बड़सरा क्षेत्र में ग्रामीण की भैंस को अपना शिकार बनाया है। क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी की सूचना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। फिलहाल कोरिया वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और भैंस का पीएम पंचनामा उपरान्त उसे दफन कर दिया गया है लेकिन सूरजपुर वन विभाग की टीम जानकारी मिलने के बाद भी घटना स्थल पर नहीं पहुंची।

बतया जा रहा है कि विकासखंड ओड़गी के ग्राम बड़सरा निवासी धर्मजीत सिंह की भैंस को गुरुवार रात कोरिया-सूरजपुर सीमावर्ती क्षेत्र के बड़सरा-खोड़ जंगल के समीप बाघ ने अपना शिकार बना लिया। घटना की सूचना मिलते ही कोरिया वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, पंचनामा कार्रवाई कर मृत भैंस को जमीन में दफना दिया गया। वहीं रिहायशी क्षेत्र के निकट बाघ की मौजूदगी से ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल व्याप्त है। जानकारी के अनुसार कोरिया वन विभाग ने अपने क्षेत्र में मुनादी कर ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है, लेकिन सूरजपुर जिले के ओड़गी वन परिक्षेत्र की टीम को सूचना दिए जाने के बावजूद मौके पर नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले दो वर्षों से बड़सरा, बसकर, कुधरीपारा, धरसेड़ी, सांवरांवा, गोविंदगढ़, ओड़गी सहित कोरिया जिले के टेमरी और कटकोना क्षेत्रों में बाघ के विचरण की लगातार सूचनाएं मिलती रही हैं। इसके बावजूद सूरजपुर वन विभाग क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी को गंभीरता से नहीं लेता रहा। उल्लेखनीय है कि एक वर्ष पूर्व कोरिया जिले के टेमरी क्षेत्र में लगाए गए कैमरा ट्रैप में बाघ की तस्वीर कैद होने के बाद ही विभाग ने बाघ की आमद को स्वीकार किया था। इसके बाद भी प्रभावित क्षेत्रों में न तो नियमित मुनादी कराई गई और न ही पर्याप्त निगरानी व्यवस्था की गई।

ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में रायपुर से बाघ विशेषज्ञों की टीम भी कोरिया वन विभाग के साथ क्षेत्र में पहुंची थी, लेकिन सूरजपुर वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची, जिसके कारण सीमावर्ती जंगलों का संयुक्त सर्वेक्षण नहीं हो सका। बाघ के लगातार विचरण और अब मवेशी के शिकार की घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, मुनादी कराने तथा जन-धन की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

मृत भैंस।

चरित्र शंका पर पत्नी को उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। पत्नी को किसी दूसरे व्यक्ति के साथ सोते देख चरित्र शंका पर युवक ने महिला की हत्या कर दी। मर्ग जांच में हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कुसमी के सामरीपाठ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 जून को थाना अंतर्गत ग्राम पश्चिमपारा निवासी 40 वर्षीय सुगदु बिरिजिया आ. किना बिरिजिया ने सूचना दी थी कि बजंती बिरिजिया पति अर्जुन उर्फ टावर की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही मर्ग जांच की जा रही थी। मर्ग जांच के दौरान यह बात सामने आई कि 10 जून को आरोपी अर्जुन उर्फ टावर एवं उसकी पत्नी बजंती बिरिजिया अलग अलग ग्राम टाटी झरिया स्थित साप्ताहिक बाजार गए हुए थे। बाजार से वापस लौटते समय अर्जुन नगेशिया को गांव के कुछ लोगों ने बताया कि तुम्हारी पत्नी बजंती बिरिजिया इंदर के घर के सामने पकरी पेड़ के नीचे किसी व्यक्ति के साथ सोई है। सूचना के बाद जब युवक मौके पर पहुंचा तो उसकी पत्नी गांव के छन्दन बिरिजिया के साथ सोई हुई थी जिसपर अर्जुन ने चरित्र शंका पर पत्नी की हाथ मुक्का, पैर, डंडा से मारपीट की थी। मारपीट से घायल महिला की 11 जून को मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी अर्जुन उर्फ टावर नगेशिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो अपनी पत्नी मृतिका बजन्ती को किसी गैर मर्द के साथ सोते देखकर को हाथ मुक्का, पैर व डण्डा से मारपीट करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

खबर संक्षेप

आज होगी बच्चों की निःशुल्क हृदय जांच

जशपुरनगर। श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल नवा रायपुर द्वारा जिला अस्पताल में 15 जून को प्रातः 9 बजे से बच्चों में जन्मजात हृदय रोग संबंधी जांच की जाएगी, जहां आमजन आकर अपने बच्चों की जांच करा सकते हैं। एसईसीएल के सीएसआर कार्यक्रम धड़कन अन्तर्गत जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से ऐसे बच्चे जिन्हें सांस लेने में परेशानी, वजन ना बढ़ना, बार बार सर्दी-ख़ासी या निमोनिया होना, स्तनपान के समय पसीना आना, तेज धड़कन, शरीर का नीलापन संबंधित लक्षण है उनकी पूर्णतः निःशुल्क परीक्षण एवं जाँच की जाएगी, एवं जन्मजात हृदय रोग चिह्नांकित बच्चों की सर्जरी एस.इ.सी.एल. के द्वारा रायपुर के श्री सत्य साई संजीवनी हॉस्पिटल में पूर्णतः निःशुल्क की जाएगी।

6वीं में प्रवेश के लिए 5 जुलाई को परीक्षा

जशपुरनगर। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित 'मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति व जनजाति विद्यार्थी योजना' के तहत कक्षा 6वीं में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को राज्य के निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं से 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा, आवास और भोजन की सुविधा दी जाएगी। जानकारी के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून तक निर्धारित है। जिसकी प्रवेश परीक्षा 5 जुलाई को सुबह 12 से 2 बजे तक जिला मुख्यालय में होगी। इच्छुक छात्र अपने स्कूल के प्रधानाचार्य के माध्यम से विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 30 तक बढ़ी

जशपुरनगर। संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित अर्थाभावग्रस्त होनहार युवा कलाकारों एवं छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना-2021 के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभाग द्वारा पूर्व में निर्धारित अंतिम तिथि 20 मार्च को बढ़ाकर अब 30 जून कर दिया गया है। योजना के तहत गुरू-शिष्य परंपरा के अंतर्गत पिछले 6 माह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पात्र युवा कलाकारों एवं छात्रों की प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। नियमावली अनुसार ऐसे दो प्रशिक्षार्थियों की प्रविष्टियां जिलाध्यक्ष की अनुशंसा से एवं स्कूल शिक्षा अथवा उच्च शिक्षा के अध्ययन के लिए संस्था प्रमुख की अनुशंसा अनिवार्य होगी।

राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

जशपुरनगर। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार का उद्देश्य देश के ऐसे प्रतिभाशाली एवं प्रेरणादायी बच्चों को सम्मानित करना है, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल कर समाज में अपनी विशेष पहचान बनाई है। यह पुरस्कार 18 वर्ष तक की आयु के उन बच्चों को प्रदान किया जाएगा जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो। पुरस्कार के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्रदान करने के साथ-साथ अन्य बच्चों को भी प्रेरित किया जाएगा।

यात्रियों से भरी बस को ट्रक ने मारी टक्कर, बड़ा हादसा टला

जशपुरनगर। पत्थलगांव शहर में शनिवार की शाम को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार जशपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक क्रमांक बीआर 1 जीएच 8577 के चालक ने शराब के नशे में लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रही सवारी बस को साइड से रगड़ दिया। घटना जशपुर रोड स्थित गणपति ग्लास के सामने की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि राजधानी बस क्रमांक सीजी 15 एबी 0615 यात्रियों को लेकर पत्थलगांव से कुनकुरी की तरफ जा रही थी।

विश्व रक्तदाता दिवस पर एसईसीएल गौतम सदन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

कलेक्टर ने रक्तदान कर लोगों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर, महाप्रबंधक समेत अन्य।

रक्तदान करती कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव।

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, एसईसीएल तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एसईसीएल गौतम सदन बैकुंठपुर में भव्य स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

■ 31 रक्तदाताओं ने किया महादान

कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में कोरिया कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव, एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक नरेश प्रसाद, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे, रेडक्रॉस सोसायटी कोरिया के प्रदेश प्रतिनिधि कमलेश शर्मा, जिला चेयरमैन महेन्द्र वैद्य, वाइस चेयरमैन श्रीमती गीता राजवाड़े, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह तथा सिविल सर्जन एवं जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने स्वयं रक्तदान कर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवनदान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए नया जीवन साबित हो सकता है। दुर्घटनाओं, आपातकालीन परिस्थितियों, थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों, कैंसर रोगियों तथा गर्भवती महिलाओं के लिए समय पर रक्त उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने विशेष रूप से युवाओं से नियमित रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक स्वस्थ नागरिक को वर्ष में कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए, इससे न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है बल्कि समाज में मानवीय संवेदनाओं और सेवा भाव को भी बढ़ावा मिलता है। एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक नरेश प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान एक महान दान है। यह ऐसा पुण्य कार्य है जिससे किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने वाला व्यक्ति मानवता की सेवा का सबसे श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को इस अभियान से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों की मदद होती है बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य को भी लाभ पहुंचता है। नियमित रक्तदान से शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है तथा स्वास्थ्य संबंधी कई सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलते हैं। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर में 31 स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में रक्तदान करने वाले नागरिकों एवं युवाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की एक विशेष बात यह रही कि एचएमएस महामंत्री योगेन्द्र मिश्रा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर भी रक्तदान कर सेवा और समर्पण की अनूठी मिसाल पेश की।

कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी, समिति के सदस्य शैलेश शिवहरे, बसंत राय, हिमांशु अवस्थी, डॉ. गौरव बड़ेरिया, आशीष बड़ेरिया, शैलेन्द्र शर्मा सहित डॉ. बिराजी सीएमओ एसईसीएल अस्पताल चिरमिरी, एचएमएस अध्यक्ष हरि यादव, डॉ. रोहित एसईसीएल अस्पताल बैकुंठपुर सहित श्रद्धा महिला मंडल, सौम्य महिला समिति एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

हल्की बारिश के बाद उमस से आमजन हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मानसून की दस्तक जल्द होने वाली है, इसके पूर्व रविवार को कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। शहर में तो स्थिति यह रही कि एक क्षेत्र में बारिश हुई तो दूसरी क्षेत्र में पूरी तरह से सूखा रहा। इस दिन शहर में बीच-बीच में हल्की बूंदाबांदी हुई, इसके पूर्व जिले के कई क्षेत्रों में बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई, लेकिन अभी जब तक जमकर दो-चार बार बारिश नहीं होती है, तब तक उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। रविवार को शहर का तापमान अधिकतम 36 डिग्री रहा, लेकिन उमस भरी गर्मी जारी है। ऐसे में मानसून के आगमन का इंतजार है, जब कुछ दिन झमाझम बारिश होगी, तब जाकर उमस भरी गर्मी से राहत मिल पाएगी। बहरहाल अब मानसून दस्तक दे चुकी है और आने वाले कुछ ही दिनों में झमाझम बारिश होने की उम्मीद है। ऐसा होने के बाद खेतों में किसान खेतों में हल चलाने भी शुरू कर देंगे।

■ तापमान में कमी लेकिन उमस वाली गर्मी बरकरार

मेंटेनेंस के बाद भी बिजली गुल

शहर क्षेत्र में बीते दिनों घंटों घोषित विद्युत कटौती कर मेंटेनेंस कार्य किया गया था, इसके बावजूद बिजली की आंख मिचौली जारी है। शनिवार को दिनभर के लिए शहर क्षेत्र में घोषित बिजली कटौती की गई थी, इसके बाद भी जब शाम को विद्युत आपूर्ति बहाल की गई तो उसके कुछ देर बाद फिर विद्युत फॉल्ट की समस्या आ गई। दूसरे दिन भी दिन में बिजली कट की समस्या से उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ा।

मरीजों की सुविधाओं पर हुई समीक्षा

बैकुंठपुर। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को जीवनदीप समिति की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिला चिकित्सालय में आवश्यक व्यवस्थाओं एवं तैयारियों की समीक्षा की गई।

■ जीवनदीप समिति की कार्यकारिणी बैठक

बैठक के दौरान जिला चिकित्सालय की विद्युत व्यवस्था, जल निकासी, बेड की उपलब्धता, स्ट्रीट लाइट तथा पार्किंग व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही अस्पताल परिसर में बारिश के मौसम के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया गया। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय में मरीजों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के आगमन से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं, ताकि मरीजों और उनके परिजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों की समुचित देखभाल एवं उन्हें प्रदान किए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. आयुष तथा जीवनदीप समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर दी जान

जशपुरनगर। जिले के ग्राम गलौडा में एक 22 वर्षीय युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।जानकारी के अनुसार, ग्राम गलौडा निवासी करण टोप्पो उम्र 22 वर्ष), पिता बरथोलोमीस टोप्पो, मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा था। परिजनों के अनुसार, रविवार शाम वह कीतम बाजार से वापस घर लौटा था। रात करीब 7 बजे उसने परिवार के साथ भोजन किया, जिसके बाद वह बिना किसी को बताए घर से बाहर निकल गया। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान गांव के समीप करंज के पेड़ पर उसका शव फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।

कबड्डी स्पर्धा में नगर सेना ने मारी बाजी

बैकुण्ठपुर। सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर कोरिया पुलिस द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड बैकुंठपुर में अंतर विभागीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सुरेशा चौबे के मार्गदर्शन में 12 जून को आयोजित हुई।

खिलाड़ियों के साथ कलेक्टर व अन्य

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव उपस्थित रहीं। इस अवसर पर डीएफओ श्रीमती प्रभाकर खलखो, जेल अधीक्षक आबिद रजा, एडीएम सुरेन्द्र वैद, एसडीओ फॉरेस्ट संतोष पांडे सहित पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में पुलिस विभाग, वन विभाग, नगर सेना विभाग सहित विभिन्न विभागों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। महिला वर्ग में नगर सेना विभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि पुलिस विभाग की महिला टीम उपविजेता रही। वहीं पुरूष वर्ग में भी नगर सेना विभाग की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं वन विभाग की टीम उपविजेता बनी। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया। आयोजन का उद्देश्य विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय, सौहार्द और शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को शुभकामनाएं दी।

कल से खुलेंगे विद्यालयों के पट

बैकुण्ठपुर। नए शिक्षा सत्र की शुरूआत 16 जून से हो रही है। इस दिन से जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के बंद पट खुल जाएंगे और फिर से बच्चों की चहल-कदमी स्कूल परिसर में होने लगेगी। कल से खुल रहे विद्यालयों में साफ-सफाई सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि डेढ़ माह के ग्रीष्मावकाश के बाद 16 जून से ही इस बार सभी स्कूल खुल जाएंगे। हाल में भीषण गर्मी को देखते हुए छग में 30 जून तक ग्रीष्मावकाश तथा 1 जुलाई स्कूल खुलने के फर्जी आदेश सोशल मीडिया वायरल हो रहा था, जिसे शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भ्रामक बताया। वहीं इस संबंध में संचालक लोक शिक्षण रायपुर ने आदेश जारी कर कहा कि प्रदेश में 16 जून से ही शासकीय एवं अशासकीय शाला प्रारंभ किया जाएगा।

जुलाई माह से प्रारंभ होने वाले फर्जी आदेश जो सोशल मीडिया में अफवाह फैलाई जा रही है, वह पूर्णतः असत्य, भ्रामक एवं भर्जी है, इसके साथ ही यह स्पष्ट हो गया कि नया शिक्षा सत्र का आगाज 16 जून से ही हो रहा हैं। इस आदेश के बाद जिले के समस्त स्कूलों के प्रधान पाठकों को स्कूल खुलने के पूर्व परिसर एवं स्कूलों की साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

डोला-बिजुरी पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

बिजुरी। क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए डोला-बिजुरी मार्ग के पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ प्रदेश सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा भूमि पूजन के साथ किया गया। लगभग 98 लाख रूपए की लागत से बनने वाली इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। गौरतलब है कि डोला-बिजुरी मार्ग लंबे समय से जर्जर स्थिति में था। सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढ़ों और खराब मार्ग के कारण आम नागरिकों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा व्यापारियों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। क्षेत्रीय जनता द्वारा कई बार सड़क निर्माण की मांग उठाई गई थी, जिसके बाद अब निर्माण कार्य शुरू होने से लोगों में खुशी और उत्साह का माहौल है। भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सड़क का निर्माण गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ तरीके से किया जाएगा, ताकि लोगों को लंबे समय तक बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है और जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप आधारभूत सुविधाओं का विस्तार लगातार किया जा रहा है। इस सड़क के निर्माण से डोला और बिजुरी के बीच संपर्क बेहतर होगा, वहीं स्थानीय व्यापार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी आसान बनेगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और काफी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। भूमि पूजन के बाद उपस्थित लोगों ने मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम बताया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि वर्षों के संघर्ष और लगातार की गई मांगों के बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू होना उनके लिए बड़ी उपलब्धि है।, इससे न केवल आवागमन की समस्या दूर होगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

■ मंत्री दिलीप ने किया भूमि पूजन

एसईसीएल सुपर-4 टी-20 लीग का रोमांचक समापन

ब्लैक डायमंड चिरमिरी बनीं विजेता, हसदेव क्षेत्र की टीम उपविजेता रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

एमसीबी जिले के स्पोर्ट्स कल्चर एवं वेलफेयर सोसाइटी एवं एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र के तत्वावधान में महात्मा गांधी स्टेडियम छोटा बाजार में आयोजित एसईसीएल सुपर-4 टी-20 लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में ब्लैक डायमंड चिरमिरी क्षेत्र की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया, जबकि हसदेव क्षेत्र की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में चिरमिरी, बैकुंठपुर और हसदेव क्षेत्र की टीमों ने हिस्सा लिया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खेले गए मुकाबले बेहद रोमांचक रहे, जिनका खेल प्रेमियों ने भरपूर आनंद लिया। खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। फाइनल मुकाबला चिरमिरी और हसदेव क्षेत्र की टीमों के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र के महाप्रबंधक रमेश चंद सिंधूर, उप क्षेत्रीय प्रबंधक अरूण सिंह चौहान, कंपनी वेलफेयर बोर्ड के सदस्य बजरंगी शाही, देवेन्द्र नाथ शर्मा एवं विभिन्न श्रम संगठनों के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए हसदेव क्षेत्र की टीम ने निर्धारित ओवरों में 74 रन बनाए।

शील्ड के साथ खिलाड़ी।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्लैक डायमंड चिरमिरी टीम ने संयमित एवं आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 10 ओवर में लक्ष्य हासिल कर 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की और प्रतियोगिता की विजेता बनी। समापन समारोह को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक रमेश चंद सिंधूर ने कहा कि क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और आपसी समन्वय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट ऐसा खेल है, जिसमें परिस्थितियां कब बदल जाएं इसका अनुमान लगाना कठिन होता है। दोनों टीमों ने पूरे समर्पण और मेहनत के साथ उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया, जो सराहनीय है। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भास्कर को प्रदान किया गया। वहीं फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए कृष्णा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। बेस्ट कैच का पुरस्कार हसदेव क्षेत्र के शरद को, बेस्ट फील्डर का पुरस्कार चिरमिरी क्षेत्र के अमित चक्रवर्ती को दिया गया। इसके अलावा बेस्ट बॉलर का पुरस्कार कृष्णा तथा बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार हसदेव क्षेत्र के अमित सिंह को प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का आंखों देखा हाल सुशांत घोष ने अपने अंदाज में प्रस्तुत किए, इससे दर्शकों का उत्साह पूरे आयोजन के दौरान बना रहा। कार्यक्रम के अंत में अवधेश सिंह ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, आयोजन समिति, श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों एवं खेल प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्षेत्र के अधिकारी, श्रम संगठन के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

जिले की 44 सहकारी समितियों में बीज-खाद पर्याप्त

जशपुरनगर। खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए जिले में किसानों को बीज, खाद एवं कृषि ऋण की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। कृषि विभाग के अनुसार जिले की आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में बीज एवं उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण किया गया है तथा किसानों को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की अनुशंसित मात्रा के अनुसार रासायनिक उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। इससे किसानों को खेती-किसानी के लिए आवश्यक संसाधन आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। उप संचालक कृषि ने बताया कि किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहे और फसल उत्पादन में वृद्धि हो सके।

विभागीय मैदानी अमलों द्वारा गांव-गांव पहुंचकर किसानों को रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के साथ-साथ हरी खाद अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे अपने खेतों में हरी खाद का अधिक उपयोग करें, जिससे मिट्टी में नाइट्रोजन एवं फास्फेट जैसे आवश्यक पोषक तत्वों की प्राकृतिक रूप से पूर्ति हो सके। जिले में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सहकारी समितियों का दायरा भी बढ़ाया गया है। पहले जिले में 24 आदिम जाति सेवा सहकारी समितियां संचालित थीं, जिन्हें बढ़ाकर अब 44 कर दिया गया है। समितियों की संख्या बढ़ने से किसानों को खाद एवं बीज प्राप्त करने के लिए दूर नहीं जाना पड़ रहा है, जिससे समय और परिवहन खर्च दोनों की बचत हो रही है। वर्तमान में जिले की 44 सहकारी समितियों में विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का कुल 9,285 मीट्रिक टन भंडारण किया गया है। इनमें से अब तक 3,681.515 मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किसानों को किया जा चुका है। इसी प्रकार धान बीज का 6,836.30 क्विंटल भंडारण किया गया है।

खबर संक्षेप

नगर की नालियों की साफ-सफाई एवं स्ट्रीट लाइट सुधार की मांग, सौंपा ज्ञापन

रामानुजगंज। नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष प्रतीक सिंह ने नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नगर एवं सभी वार्डों में बरसात पूर्व नालियों की व्यापक सफाई तथा बंद एवं खराब स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र चालू कराने की मांग की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नगर क्षेत्र की अधिकांश नालियों में लंबे समय से कचरा, गंदगी जमा होने के कारण जल निकासी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। आगामी वर्षा ऋतु के दौरान समय पर सफाई नहीं होने की स्थिति में जलभराव, मच्छरों का प्रकोप तथा विभिन्न संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। साथ ही नगर एवं विभिन्न वार्डों में कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें बंद या खराब अवस्था में हैं, जिससे रात्रि के समय लोगों को आवागमन में परेशानी होती है तथा दुर्घटनाओं एवं असामाजिक गतिविधियों की संभावना बढ़ जाती है। नेता प्रतिपक्ष प्रतीक सिंह ने मांग की कि नगर एवं सभी वार्डों की नालियों की पट्टियां हटाकर विशेष सफाई अभियान चलाया जाए, नालियों में जमा कचरा को तत्काल हटाया जाए तथा वर्षा ऋतु से पूर्व जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाया जाए। इसके अलावा सभी बंद एवं खराब स्ट्रीट लाइटों का सर्वे कर उन्हें शीघ्र सुधार कर चालू किया जाए तथा भविष्य में नियमित सफाई एवं स्ट्रीट लाइटों के रखरखाव की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

दो वर्ष पूर्व हुए दुष्कर्म की घटना का फरार आरोपी पकड़ाया

बिश्रामपुर। दो वर्ष पूर्व हुए दुष्कर्म की एक घटना मामले में फरार चल रहे आरोपी को जयनगर पुलिस ने पकड़कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया है,पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र की युवती को शादी करने का प्रलोभन देते हुए उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी तीनोज बड़ा पिता सनवारी बड़ा 30 वर्ष निवासी परसोढी थाना मणिपुर को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार को सिलफिली से पकड़कर न्यायालय पेश किया है।बताया गया अपराध दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था जिसे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय पेश कर दिया है।

खेत में सड़क निर्माण, किसानों ने की मुआवजे की मांग, ग्रामीणों में आक्रोश

सरिया। लोक निर्माण विभाग ने किसानों की जमीन बिना अधिग्रहण किए ही खेत में सड़क का निर्माण काम शुरू करवा दिया है। जिससे किसानों में तीव्र रोष व्याप्त है। किसानों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम देवगांव से संडा तक सड़क निर्माण किया जा रहा है। करीब 2 किलोमीटर कि यह सड़क करीब 3 करोड़ की लागत से बन रहा है। प्रारंभ से ही घटिया निर्माण होने से एवं विभाग के मनमानी के कारण किसानों में नाराजगी है। गांव के किसान हरनारायण नायकए गोकुल प्रसाद नायक, सुन्दर साव ने अपने शिकायत में कहा कि ग्राम देवगांव से संडा 2 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग के द्वारा किया जा रहा है। जिसके लिए करीब 100 किसानों की जमीन आ रही है। सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू किया, लेकिन जमीन मालिक को जानकारी नहीं दी थी और बिना अनुमति के ही खेत में घटिया मिट्टी मुरूम डालकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। किसानों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर किसी भी प्रकार का कोई साइन बोर्ड नहीं है। जिससे सड़क निर्माण की पारदर्शिता पर संदेह है। जबकि सड़क निर्माण प्रारंभ तिथि एवं पूर्ण अवधि के साथ संबंधित ठेकेदार, इंजीनियर, का नाम पता, मोबाइल नंबर, सब दर्ज होता है। ताकि लोग संबंधित अधिकारी से संपर्क कर वस्तु स्थिति की जानकारी दे सके, लेकिन 3 करोड़ के लागत से बन रहे सड़क में किसी भी अधिकारी का उल्लेख नहीं किया गया है।

जनजाति समाज के पदाधिकारियों की पत्रकार वार्ता

जनजातीय समाज जल, जंगल एवं जमीन का रक्षक : गणेश राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के पटेलपारा उरांव समाज के भवन में जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेशराम भगत ने प्रेस कांफ्रेंस की। प्रेस कांफ्रेंस में मंच के प्रांत संयोजक रोशन प्रताप सिंह संयोजक इंदर भगत, जिला संयोजक बिहारी लाल तिर्की सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

खास बात
- जनजातीय समाज के अधिकारों को परिभाषित करने की मांग

पत्रकारों से चर्चा करते राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए राष्ट्रीय संयोजक गणेशराम भगत ने कहा कि सदियों से जनजातीय समाज जल, जंगल और जमीन की रक्षा करते हुए प्रकृति और मानव जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने का मार्ग दिखाता रहा है। आज जब विश्व पर्यावरण संकट से जूझ रहा है। तब जनजातीय जीवन दर्शन टिकाऊ विकास का प्रेरक मॉडल प्रस्तुत करता है। प्रतिनिधियों ने कहा कि यह समागम केवल सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि 75 वर्षों से लंबित न्यायपूर्ण मांग की राष्ट्रीय पुनर्पुष्टि है, जिसकी प्रतीक्षा आज भी देश का समस्त जनजातीय समाज कर रहा है। जनजातीय पहचान केवल संवैधानिक सूची का विषय नहीं, बल्कि पारंपरिक आस्था, संस्कृति, रीति-रिवाजों, सामाजिक परंपराओं और सामुदायिक जीवन पद्धति से गहराई से जुड़ा हुआ प्रश्न है। व्यक्ति अपनी पारंपरिक जनजातीय आस्था, संस्कृति, रीति-रिवाजों और सामाजिक आचारों का परित्याग कर देता है, उसे अनुसूचित जनजाति का संवैधानिक दर्ज और उससे जुड़े लाभ प्राप्त नहीं होने चाहिए। आस्था का त्याग संस्कृति का त्याग है, और संस्कृति का त्याग पहचान का त्याग है। न्यायालयों ने भी यह माना है कि धर्मांतरण के बाद कोई व्यक्ति अपने समुदाय की परंपराओं, सामाजिक आचरण और संस्कृति जीवन-पद्धति से पूर्णतः विच्छिन्न हो जाता है, तो उसकी जनजातीय पहचान के प्रश्न का परीक्षण प्राधिकारियों द्वारा किया जाना चाहिए। परंतु व्यवहारिक स्तर पर प्रत्येक मामले को अलग-अलग समक्षम प्राधिकारी या न्यायालय के समक्ष ले जाना सामान्य जनजातीय व्यक्ति के लिए अत्यंत कठिन और अव्यावहारिक है। इसलिए इस विषय पर स्पष्ट, सरल और प्रभावी वैधानिक व्यवस्था की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अप्रैल-मई 2009-10 के दौरान 26 राज्यों के 293 जिलों और 26,253 गांवों में व्यापक अभियान चलाकर वयस्क जनजातीय सदस्यों से 27.67 लाख हस्ताक्षर एकत्र किये गए थे। इन हस्ताक्षरों को संबंधित जिलाधिकारियों और राज्यपालों के माध्यम से राष्ट्रपति को प्रेषित किया गया था। इसके पश्चात 18 जनवरी 2010 को वरिष्ठ जनजातीय नेताओं ने तत्कालीन राष्ट्रपति से भेंट कर इस विषय पर शीघ्र निर्णय का आग्रह किया था। वर्ष 2011 से अब तक ग्राम संपर्क अभियान, रैलियां, जिला सम्मेलन, 21 राज्यों में विभिन्न कार्यक्रम, प्रधानमंत्री को 5.70 लाख पोस्टकार्ड तथा लगभग 450 सांसदों से प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से यह अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। जनजाति सुरक्षा मंच के एक प्रतिनिधिमंडल ने 28 मई 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री को जनजातीय कल्याण से संबंधित महत्वपूर्ण विधिक एवं संवैधानिक प्रश्नों से अवगत कराया तथा अनुसूचित जनजाति की स्पष्ट वैधानिक परिभाषा निर्धारित करने, संविधान आदेश,1950 की भांति संविधान आदेश, 1950 में भी आवश्यक संशोधन या स्पष्टीकरण करने की मांग की। अनेक प्रकरणों में धर्मांतरित जनजातीय व्यक्ति अनुसूचित जनजाति आरक्षण का लाभ प्राप्त कर रहे हैं साथ ही अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं का भी दोहरा लाभ उठा रहे हैं।

एसएसपी सरगुजा ने ली जनरल परेड की सलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रक्षित केंद्र आयोजित जनरल परेड की सलामी डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा ली गई। परेड के निरीक्षण दौरान डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा द्वारा पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों के टर्न आउट का निरीक्षण कर बेहतर वेशभूषा धारण करने वाले पुलिस अधिकारियो कर्मचारियों को ईनाम देकर प्रोत्साहित किया गया।

- बेहतर टर्नआऊट वाले अधिकारियो कर्मचारियों को दिया गया ईनाम
- शस्त्रागर का निरीक्षण कर शस्त्रों के बेहतर रखरखाव एवं साफ सफाई हेतु दिए गए दिशा निर्देश

परेड के दौरान पुलिस अधिकारियो-कर्मचारियों की टोली बनाकर परेड कराया गया, साथ ही अधिकारियो कर्मचारियों को अनुशासित रहने निर्देश दिए गए। परेड के निरीक्षण पश्चात डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा द्वारा वाहन शाखा का निरीक्षण करते हुए सभी शासकीय वाहनों की बारीकी से जांच कर वाहनों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के दिशा निर्देश दिए गए, तत्पश्चात पुलिस लाईन के शस्त्रागार व स्टोर शाखा का निरीक्षण कर आर्म्स एम्युनेशन के रख-रखाव एवं रिकार्ड का बेहतर तरीके से संधारण करने के निर्देश दिए। अधिकारी व जवानों की सुविधा के लिए खोले गए पुलिस कल्याण कैन्टीन एवं पुलिस बैंक का लाभ लेने अधिकारी-कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। जनरल परेड के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो, उप पुलिस अधीक्षक राकेश बघेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ग्रामीण तुल सिंह पट्टावी, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक निशांत कुर्रे, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, थाना प्रभारी धौरपुर निरीक्षक सीआर चंद्रा, थाना प्रभारी बतौली निरीक्षक विवेक सेंगर, महिला थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुनीता भारद्वाज सहित थाना-चौकी एवं कार्यालय से पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थिति रहे।

कनहर पुल के नीचे अवैध रेत उत्खनन करते दो ट्रैक्टर जब्त

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ एवं झारखण्ड को जोड़ने वाले रामानुजगंज में कनहर पुल के नीचे से अवैध रेत खनन एवं परिवहन करने के मामले में एसडीएम आनंद नेताम के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने दो ट्रैक्टरों को जब्त किया है। एसडीएम श्री नेताम ने बताया कि कनहर पुल के नीचे से अवैध रेत खनन की शिकायतें लगातार मिल रही थी। शिकायत पर प्रशासन क संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया तो ट्रैक्टर अवैध रेत उत्खनन करते मिले जिन्हें जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि पुल के नीचे एवं आसपास में अवैध उत्खनन पुल की सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक साबित हो सकता है। पुल की सुरक्षा प्रशासन की जिम्मेदारी है। पुल एवं आसपास के क्षेत्र में अवैध उत्खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान टीम ने आसपास के लोगों से चर्चा की अवैध उत्खनन करने वाले लोगों की जानकारी जुटाई तथा लोगों से अवैध उत्खनन की सूचना तत्काल अधिकारियों को देने का आह्वान किया।

10वीं वाहिनी सीएएफ सूरजपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

बिश्रामपुर। 10वीं वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) सूरजपुर के यूनिट हॉस्पिटल में शनिवार को निःशुल्क मल्टी स्पेशेलिटी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया,यह शिविर पुलिस मुख्यालय रायपुर एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार सेनानी प्रशांत कतलम के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

शिविर में श्री नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की। टीम में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. राघव अग्रवाल, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. राजू साहनी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.कमलेश कुमार,कॉरपोरेट मैनेजर अनिल सोनवानी एवं आनंद शुक्ला शामिल रहे। स्वास्थ्य शिविर में 10वीं वाहिनी यूनिट हॉस्पिटल के डॉ. विनीत सिंह (एमबीबीएस), सहायक आरक्षक नर्सिंग पूजा मिश्रा, ईश्वर राजवाड़े, सरवन साहू, मुकेश राजवाड़े सहित वाहिनी मुख्यालय में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहयोग किया। शिविर के दौरान 10वीं वाहिनी में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों सहित लगभग 150 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान चिकित्सकों ने विभिन्न बीमारियों की रोकथाम, समय पर जांच और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। इस अवसर पर सेनानी प्रशांत कतलम, केसी टोप्पो, बीपी सिंह, सहायक सेनानी राम बहादुर शर्मा, कंपनी कमांडर पंकज तिवारी, प्लाटून कमांडर शिवजी यादव, सहायक प्लाटून कमांडर नरेंद्र साहू, अनिल गुप्ता, सहायक उपनिरीक्षक (एम) अनूप कुमार पांडा, सुशील तिवारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

चंदौरा हाईवे पर अवैध वसूली को लेकर चर्चाएं, वाहन चालकों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

चंदौरा थाना क्षेत्र एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे कुछ वीडियों और स्थानीय स्तर पर उठ रहे सवालों ने पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर बहस छेड़ दी है। क्षेत्र में यह चर्चा जोरों पर है कि हाईवे से गुजरने वाले ट्रक, पिकअप, मालवाहक और मंडी वाहनों की जांच के नाम पर कथित रूप से राशि वसूली की जा रही है। वायरल वीडियों के सामने आने के बाद ग्रामीणों, वाहन चालकों और व्यापारियों में नाराजगी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से इस तरह की शिकायतें समय-समय पर सामने आती रही है। कई वाहन चालकों का दावा है कि हाईवे पर जांच के दौरान उन्हें अनावश्यक रूप से रोका जाता है और कथित तौर पर 200-500 रूपये तक की राशि मांगे जाने की बातें सुनने में आती है। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। क्षेत्र के व्यापारियों और वाहन संचालकों का कहना है कि कोई वाहन सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ चल रहा है तो उसे बार-बार रोककर पूछताछ किए जाने और कथित वसूली की शिकायतें गंभीर चिंता का विषय हैं। लोगों का आरोप है कि हाईवे पर परिवहन कार्य से जुड़े कई लोग इस व्यवस्था से परेशान हैं लेकिन कार्रवाई के डर से खुलकर सामने नहीं आना चाहते। पुलिस का दायित्व कानून व्यवस्था बनाए रखना और आम जनता को सुरक्षा प्रदान करना है। ऐसे में यदि पुलिस व्यवस्था को लेकर ही सवाल उठने लगे तो यह जनता के विश्वास के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता। लोगों का कहना है कि वायरल वीडियो की सच्चाई जो भी हो, लेकिन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। चंदौरा थाना क्षेत्र पहले भी विभिन्न कारणों से चर्चाओं में रहा है। सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने भी मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि आरोप गलत हैं तो पुलिस विभाग को सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रखना चाहिए और यदि कहीं गड़बड़ी है तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

इस संबंध में एसडीओपी अनुप एक्का ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी तथा शिकायत मिलने पर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम सुनलई मिंज पिता फ्रांसिस मिंज अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम सुनिला मिंज पिता फ्रांसिस मिंज निवासी वार्ड क्र.16, आकाशवाणी चौक, उर्सुलाईन कॉन्वेंट, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.) रख ली हूं अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम सुनिला मिंज पिता फ्रांसिस मिंज से जाना एवं पहचाना जाय।

शपथकर्ता
सुनिला मिंज
पिता फ्रांसिस मिंज
निवासी- वार्ड क्र.16, आकाशवाणी चौक, उर्सुलाईन कॉन्वेंट, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 28 जून 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

सरगुजा मार्केट

TOP IN SURGUJA
COURSES OFFERED:
UG COURSES: BCA | BBA | BCOM | BSC BIO | BSC MATHS | BSC CS | BA
PG COURSES: MSC CS | MSC IT | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY | MSC CHEMISTRY | MSC MATHS | MSC PHYSICS | MCOM | MSW | MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA | PGDCA | PGDBM
के आर टेक्निकल कॉलेज (एक कौशल केन्द्रित स्नातकोत्तर महाविद्यालय)
SINCE 2008 WWW.KRTC.CO.IN
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा से संबद्ध
छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
Tally Education Private Limited अधिकृत महाविद्यालय
IGNOU अध्ययन एवं परीक्षा केन्द्र Study Centre Code: 36145
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (SC, ST एवं OBC विद्यार्थियों हेतु)
ADMISSION OPEN 2026-27
विद्यासागर छात्रवृत्ति अधिकतम 30% तक (सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए)
सीमित कोर्स में फ्री कोचिंग सुविधा उपलब्ध
COLLEGE CAMPUS: अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे, संजय नगर, छत्तीसगढ़ 9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमना कला, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ 9826183771

हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल | सुरक्षित प्रसव सुविधा | बांझपन परामर्श एवं उपचार | पीसीओडी/पीसीओएस उपचार | महिला रोगों की जांच व इलाज | सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं | डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON)

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल | सुरक्षित प्रसव एवं सिजेरियन डिलीवरी | सोनोग्राफी की सुविधा | महिलाओं से संबंधित बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन | बंझापन (Infertility) एवं PCOD उपचार | सर्ट सिक्स प्रेगनेंसी प्रबंधन | हाइमॉल एवं अन्य आवश्यक जांच सुविधाएं | 24×7 इमर्जेंसी इलाज की सुविधा
सर्जरी सेवाएं: बवासीर (Piles) | फिस्टुला (Fistula) | फिशर (Fissure) | हाइड्रोसील (Hydrocele) | अपेंडिक्स (Appendix) | सलाह की गांठ | गैस्ट्रो गैलरी की गलती | बच्चेदानी की गांठ एवं स्टिचर | वोट एवं फटे-पुंसी | अन्य सभी प्रकार की गांठों का इलाज एवं ऑपरेशन
हड्डी की सर्जरी आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
डॉ. प्राची जायसवाल M.B.B.S., D.G.O., FMAS
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपत्ता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

डॉ. शिवानी अग्रवाल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण | टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग | नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श | बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य"
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 14 जून 2026, रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

न्यूरो एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. चंदन दूबे
MBBS, MS, MCH NEUROSURGERY (IPGME&R, KOLKATA)
मस्तिष्क एवं रीढ़ की निम्न समस्याओं में संपर्क करें
लकवा (स्ट्रोक), हाथ पैर में झुनझुनाहट, मिर्गी आना, गर्दन एवं कमर में दर्द, माइग्रेन (सर दर्द), पार्किंसन्स, चक्कर आना, हाथ पैर में कंपन, मस्तिष्क ट्यूमर, सायटिका, मल्टीपल स्क्लेरोसिस, अल्जाइमर (याददाश्त खोना)
ब्रेन एवं स्पाईन उपचार एवं सर्जरी
प्रतिदिन आपके शहर अम्बिकापुर में उपलब्ध...
• श्री महावीर हॉस्पिटल, सांई मंदिर के पास, गांधी नगर अम्बिकापुर, 6263080332 (समय : 2-4 बजे तक)
• सांई पॉलीक्लिनीक, जिला हॉस्पिटल के सामने अम्बिकापुर, 7987423885 (समय : 5-7 बजे तक)

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

खबर संक्षेप

पीएम श्री सेजेस के 15 दिवसीय समर कैंप का समापन

प्रेमनगर। पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित 15 दिवसीय समर कैंप का हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में समापन किया गया। समापन समारोह में विद्यार्थियों ने समर कैंप के दौरान सीखी गई विभिन्न गतिविधियों का मनमोहक प्रदर्शन प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुखमणिया जगते रहीं। समारोह की अध्यक्षता एसएमडीसी पीएम श्री सेजेस अध्यक्ष सत्यम विश्वकर्मा ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्रीमती बबली खुसरो, योग प्रशिक्षक हिमांशु सिंह एवं राम सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य राम बरन सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस समर कैंप में विद्यार्थियों ने योग, स्पोकन इंग्लिश, कला एवं शिल्प, गायन, व्यक्तित्व विकास तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करते हैं। समर कैंप के सफल संचालन एवं विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाले प्रशिक्षकों को समारोह में मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित प्रशिक्षकों में श्रीमती लीना यादव, श्रीमती करुणा यादव, श्रीमती चित्रलता सिंह, कमलेश टेकाम, मिथुन चक्रवर्ती, प्राचार्य राम बरन सिंह तथा स्वयंसेवी प्रशिक्षक निलेश सिन्हा शामिल रहे।

मत्स्याखेट पर 15 अगस्त तक पूर्णतः प्रतिबंधित

बलरामपुर। मत्स्य पालन विभाग सहायक संचालक ने जानकारी दी है कि वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नवीन मत्स्य पालन अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु के रूप में घोषित किया गया है। इस अवधि में समस्त नदियों, नालों तथा छोटे नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब, जलाशय निर्मित किये गये हैं। सभी में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इस नियम का उल्लंघन करने एवं अपराध सिद्ध होने पर 25 हजार रुपये का जुर्माना का प्रावधान है।

अवैध शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 43.600 लीटर महुआ शराब जब्त की है। यह कार्रवाई प्राप्त शिकायत के आधार पर आबकारी उप निरीक्षक अंकित अग्रवाल एवं उनकी टीम द्वारा आबकारी वृत्त रायगढ़ उत्तर क्षेत्र में की गई। कार्रवाई के दौरान ग्राम भातपुर निवासी गोपीचंद यादव के मकान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मकान से 43.600 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद हुई, जिसे आरोपी द्वारा अवैध रूप से कब्जे में रखा गया था। आबकारी विभाग ने आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पेज 1 के शेष...

जमीन विवाद पर खूनी...

दहशत का माहौल निर्मित हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद एसडीओपी राजेंद्र मंडावी के साथ ही पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची और शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया। इसके साथ ही पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। घटना से परिवार सदमें में है।

भालू के हमले में शोर मचा रहे...

होते ही वन अमले ने कड़ी मशक्कत कर भालू को जंगल की ओर खदेड़ा। विभाग द्वारा भालू से सुरक्षा के लिए बस्ती में चार चौकीदारों को तैनात किया गया है।

इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी मेवा लाल पटेल ने बताया कि विभाग द्वारा लगातार जागरूक करने के बावजूद ग्रामीण शोर मचा रहे थे जिसके कारण यह हादसा हुआ। विभाग द्वारा भालू की निगरानी की जा रही है।

कोटराही जंगल में युवती से...

मौके से फरार हो गए। घटना के बाद किसी तरह युवती अपन भाई के साथ वाड्रफनगर चौकी पहुंची और घटना की शिकायत दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने अपराध दर्ज करने के साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने बयान के आधार पर तीन संदेहियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। हिरासत में लिए गए तीनों संदेही कोटराही क्षेत्र के बताए जा रहे है। इस घटना के अब्द लोगों में आक्रोश का माहौल है। लोगों ने इस मामले में दोषियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में चौकी प्रभारी डाकेश्वर सिंह ने बताया कि पीड़िता द्वारा आरोपियों की शिनाख्त कर ली गई है। पीड़िता तथा आरोपियों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा रहा है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

विभाग ने वनभूमि पर बने 18 मकानों को ढहाया

ग्राम पंचायत तकिया स्थित मगरढोढ़ी वनक्षेत्र में अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

तकिया मगरढोढी में अवैध अतिक्रमण हटाता जेसीबी।

बांस बाड़ी में अवैध अतिक्रमण ढहाता जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन विभाग ने रविवार को तड़के वनमण्डलाधिकारी अभिषेक जोगावत के नेतृत्व में शहर से सटे ग्राम पंचायत तकिया स्थित मगरढोढ़ी क्षेत्र की वन भूमि में लम्बे समय से किए गए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान चलाया। इस दौरान मगरढोढी क्षेत्र की वनभूमि में बनाए गए 18 घरों को जेसीबी से ढहाकर अतिक्रमणमुक्त किया गया। तकिया मगरढोढ़ी जंगल से अवैध अतिक्रमण हटाने के बाद विभाग ने अम्बिकापुर-प्रतापपुर मार्ग में वनवृत्त कार्यालय से सटे बांसबाड़ी एवं आसपास के क्षेत्रों में बने अवैध मकानों एवं दुकानों को ढहाकर वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। विभाग द्वारा अचानक की गई इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है।

खास बातें

- शहर के बांसबाड़ी से हटाए गए 10 अतिक्रमण
- विभाग की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप

शहर से सटे ग्राम पंचायत तकिया की सीमा पर रिजर्व फॉरेस्ट का वनखण्ड 2581 है जिसमें लम्बे समय से ग्रामीण अवैध अतिक्रमण कर अलग-अलग हिस्सों में पक्के घर बना लिए थे। अतिक्रमणकारियों ने प्रारंभ में योजनाबद्ध तरीके से जंगल के पेड़ों का सफाया किया तथा धीरे-धीरे वनभूमि पर कच्चे फिर पक्के मकान बनाने लगे। वनकर्मी भी अवैध अतिक्रमण पर चुप्पी साधे रहे। अवैध अतिक्रमण की लगातार शिकायतों एवं लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण पर संज्ञान लेते हुए डीएफओ ने 22 अतिक्रमणकारियों को तत्काल अतिक्रमण हटाने की नोटिस जारी की थी। विभाग की सख्ती देख कुछ अतिक्रमणकारियों ने स्वयं ही घरों को खाली कर दिया था जबकि 18 अतिक्रमणकारी अभी भी वनभूमि पर बने मकानों में रह रहे थे। रविवार को तड़के डीएफओ सहित विभाग के अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पुलिस बल के साथ तकिया मगरढोढ़ी बस्ती में पहुंचे एवं जेसीबी से वनभूमि में बने मकानों को ढहाने लगे। विभाग की औचक कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया तथा आनन-फानन में अतिक्रमणकारियों ने घरों में रखे अपने सामानों को बाहर निकाला। अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान वनभूमि में निवासरत नरेन्द्र राजवाड़े, सुरेन्द्र राजवाड़े, कामेश्वर यादव, शिवा बादी, बीरबल, कैलासो, नानसाय, अवध बिहारी, सिंगारी रजक, आशा कुजूर, सुनीता मिंज, अतुल गुप्ता, कलिंदा यादव, सोनिया मिंज आदि के घरों को जेसीबी से ढहाकर वनभूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। इस दौरान प्रशिक्षु डीएफओ सुश्री श्वेता कंबोज, श्रीमती जेनीग्रेस कुजूर, रेंजर आशीष देवांगन सहित बड़ी संख्या में वनकर्मी उपस्थित थे।

बांस बाड़ी में चला बुलडोजर

तकिया, मगरढोढ़ी क्षेत्र के वनभूमि में अवैध अतिक्रमण हटाने के बाद विभाग का अतिक्रमण विरोधी दस्ता वनवृत्त कार्यालय से सटे बांसबाड़ी क्षेत्र में पहुंचा तथा बांसबाड़ी सहित आसपास की वनभूमि में बने अवैध 10 से अधिक मकानो, दुकानो, एवं ठेले-खोमचों को ढहाकर वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। अब बांसबाड़ी में एकमात्र घर बचा है जिसका मामला न्यायालय में प्रक्रियाधीन है। विभाग बांसबाड़ी की सुरक्षा की दृष्टि से जनहित की योजनाओं को विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों का जुड़ाव हो सके।

महामाया पहाड़ को भी किया जाएगा अतिक्रमण मुक्त

कुछ दिन पूर्व विभाग ने खैरबार क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया था। विभाग की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की भनक लगने पर 48 अतिक्रमणकारियों ने न्यायालय से स्थगन हासिल किया है। विभाग निकट भविष्य में महामाया पहाड़ एवं खैरबार क्षेत्र में दोबारा अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई करने की योजना बना रहा है। डीएफओ ने बताया कि विभाग द्वारा 48 अतिक्रमणकारियों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद विभाग द्वारा सभी अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जंगल हम सभी के जीवन का आधार है तथा जंगल को सुरक्षित रखना सभी का दायित्व है। जंगल हर जीव-जंतु के जीवन को प्रभावित करता है।

जारी रहेगी कार्रवाई

वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण को किसी भी स्थिति में प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा। विभाग अवैध अतिक्रमणों की सतत निगरानी कर रहा है।

-**अभिषेक जोगावत**, डीएफओ, सरगुजा

दो फड़ों में जुआ खेलते 12 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दो अलग अलग फड़ों में जुआ खेल रहे लोगों पर पुलिस ने छापेमार कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके से 12 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 16 हजार 720 रूपए बरामद किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि नमनाकल स्थित गुडलक गैरेज के पीछे सार्वजनिक स्थान पर बैठकर कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना के बाद पुलिस ने गुडलक गैरेज के पीछे खाली जमीन के पास जाकर घेराबंदी की। इस दौरान कुछ जुआरी तो मौके से भाग निकले लेकिन पुलिस ने मौके पर मौजूद दो अलग फड़ से 12 लोगों को हिरासत में लेकर उनके पास से ताश की पत्ती, 16 हजार 720 रूपए जब्त किया। पुलिस ने इस मामले में गंगापुर निवासी 55 वर्षीय अनिल कश्यप, दरिमा परसोड़ीखुर्द निवासी 41 वर्षीय रमेश सेमरिया, नमनाकला निवासी 62 वर्षीय सहाबुद्दीन, 45 वर्षीय संतोष कुमार, घुटरापारा निवासी 28 वर्षीय अनुज कुमार जायसवाल, नमनाकला निवासी 25 वर्षीय पवन साहनी, मुक्तिपारा निवासी 43 वर्षीय असीम तिर्की, दर्रीपारा निवासी 40 वर्षीय विरेन्द्र एक्का, नमनाकला निवासी 22 वर्षीय मनोज सोनकर, खटिकपारा निवासी 30 वर्षीय दीपक सोनकर, नमनाकला निवासी 34 वर्षीय सद्दाम हुसैन व 52 वर्षीय नागेन्द्र सोनकर को धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी शशिकांत सिन्हा, प्रधान आरक्षक सूरज राय, आरक्षक जोधन पैंकरा, नितिन सिन्हा, विवेक राय, बृजेश राय, एहसान फिरदौसी सक्रिय रहे।

खड़े ट्रैक्टर से टकराया माल वाहक वाहन, ग्रामीण घायल

अंबिकापुर। रविवार की देर शाम एनएच 130 पर तेज रफ्तार माल वाहक वाहन खड़े ट्रैक्टर से जा टकराई। माल वाहक वाहन में ग्रामीण सवार थे। दुर्घटना में ग्रामीणों को गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल घायलों की जानकारी सामने नहीं आ पाई है। बताया जा रहा है कि रविवार की रात 8 बजे एनएच 130 पर मेण्ड्राकला के समीप माल वाहक वाहन खड़े ट्रैक्टर से जाकर टकराया। घटना के वक्त माल वाहक वाहन में लगभग 18 से 20 लोग सवार थे। इस घटना के बाद लोगों में चीख पुकार मच गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची मणिपुर थाना की पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में महिला बच्चे भी घायल हुए है। फिलहाल हादसे के कारणों और ग्रामीणों की जानकारी सामने नहीं आ पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्वदेशी ही आत्मनिर्भर भारत का आधार, प्रांतीय विचार वर्ग में गूंजा स्वावलंबन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रांतीय विचार वर्ग एवं कार्यशाला में स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन पर व्यापक मंथन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न संभागों से आए कार्यकर्ता, केंद्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी तथा विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

कार्यक्रम के पंचम सत्र में मुख्य वक्ता प्रो. अश्विनी महाजन ने भारत की आर्थिक यात्रा, वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और स्वदेशी आधारित विकास मॉडल पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत हजारों वर्षों तक विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था रहा है और आज भी उसके पास विशाल युवा शक्ति, बड़ा बाजार तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत जैसी अपार संभावनाएं हैं। विदेशी आक्रमणों और औपनिवेशिक शासन ने भारत की आर्थिक संरचना को गहरा नुकसान पहुंचाया, लेकिन देश पुनः वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, डिजिटल तकनीक और नवाचार को अपनाए बिना भारत वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे नहीं बढ़ सकता। डिजिटल इंडिया, यूपीआई और तकनीकी नवाचारों ने भारत को विश्व में नई पहचान दिलाई है। भारत का डिजिटल भुगतान तंत्र आज विश्वसनीयता का प्रतीक बन चुका है और देश के युवाओं में नई तकनीकों को अपनाने की अपार क्षमता है। उन्होंने आईटी निर्यात, डिजिटल करेंसी और तकनीकी उद्यमिता के क्षेत्र में भारत की संभावनाओं को भी रेखांकित किया। सांसद चिंतामणि महाराज, भगवानदास बंसल तथा कुलपति राजेंद्र लकपाले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत, 'वोकल फॉर लोकल' और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। सांसद चिंतामणि महाराज ने सरगुजिहा में संबोधन देते हुए कहा कि स्थानीय उद्योगों, कुटीर उद्योग और स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देकर भारत विश्व अर्थव्यवस्था में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय संसाधनों के सदुपयोग तथा रोजगार सृजन में स्वदेशी की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया। जगदीश पटेल ने कहा कि भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए स्वदेशी चिंतन, स्थानीय उत्पादन और उद्यमिता को प्रोत्साहन देना आवश्यक है। उन्होंने स्वावलंबी भारत अभियान की कार्ययोजनाओं और उद्देश्यों की जानकारी दी। क्षेत्रीय संयोजक सुधीर दाते ने स्वदेशी जागरण मंच की स्थापना, कार्यपद्धति और वैचारिक आधार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक अवधारणा नहीं, बल्कि राष्ट्र के सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक पुनर्जागरण का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने मंच द्वारा देशभर में संचालित जनजागरण अभियानों की जानकारी भी दी। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, स्थानीय उद्यमों को प्रोत्साहित करने तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन सरगुजा संभाग संयोजक राजकिशोर चौधरी तथा आभार प्रदर्शन सहसंयोजक उपेंद्र यादव ने किया।

बनापति में निर्माणधीन पुलिया के स्लैब में आई दरार, कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

बलरामपुर। जिले के रामचंद्रपुर विकासखंड इ बनापति पुलिया निर्माण में गड़बड़ी को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। निर्माण के दौरान गुणवत्ताहीन निर्माण की शिकायत के बाद कलेक्टर ने जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए है। बनापति में निर्माणाधीन पुलिया में दरारों की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने तत्काल जांच कराई और आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।

- स्लैब निर्माण पर रोक, आवश्यक सुधार करने के दिए गए निर्देश

बता दें कि रामचन्द्रपुर विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनापति में निर्माणाधीन पुलिया की गुणवत्ता और उसमें दरारें आने की जानकारी सामने आई थी। इस मामले को कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर त्वरित जांच करने के निर्देश दिए। निर्देशों के परिपालन में संबंधित विभाग के तकनीकी अमले द्वारा ग्राम पंचायत बनापति पहुंचकर उक्त निर्माणाधीन पुलिया का बारीकी से निरीक्षण किया गया। जांच में पाया गया कि वर्तमान स्थिति में पुल का डर्ट वाल बनाया जा रहा है। ढांचे में जो दरारें दिखाई दे रही हैं, वे किसी भी प्रकार का क्रैक स्ट्रक्चरल नहीं हैं बल्कि निर्माण एजेंसी द्वारा जूट के बोरों का उपयोग कर नियमित रूप से तराई नहीं की गई थी, जिसके कारण सतह पर कुछ जगहों पर श्रिंकेज क्रैक पाया गया। संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्माण स्थल पर डर्ट वाल के अंतिम लिफ्ट की 75 मिमी की पूरी मोटाई को तोड़कर वेयरिंग कोट करने के निर्देश दिए गए। साथ ही वर्तमान में स्लैब निर्माण के कार्य पर रोक लगा दी गई है और निर्माण साइट पर तराई की पूरी व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जिले में संचालित सभी निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है तथा गुणवत्ता संबंधी शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

प्रत्येक माह अपने कार्यों के परिणामों का रिपोर्ट कार्ड लेकर करें समीक्षा : टीएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नवगठित कार्यकारणी की प्रथम बैठक पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की अध्यक्षता में रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में संपन्न हुई। बैठक के दौरान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ नेता एवं मंडल अध्यक्ष भी मौजूद रहे। कांग्रेस के उदयपुर संकल्प के अनुसार गठित 31 सदस्यीय कमेटी में 1 कोषाध्यक्ष, 6 उपाध्यक्ष, 8 महामंत्री, 10 सचिव एवं 5 कार्यकारणी सदस्य हैं। नवगठित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में 65 प्रतिशत सदस्य अन्य पिछड़े वर्ग, एससी, एसटी, अल्पसंख्यक वर्ग से हैं।

- नवगठित कार्यकारिणी की पहली बैठक में पूर्व डिप्टी सीएम ने की चर्चा

नवगठित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का परिचय अम्बिकापुर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह धंजल ने कराया। इस दौरान आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने नवगठित कार्यकारणी सदस्यों को बधाई देते हुए उन्हें अपने बूथ और उसपर मौजूद अनुभाग में सूक्ष्मता से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकारणी सदस्यों को कहा कि हम प्रत्येक माह अपने कार्य परिणामों की रिपोर्ट कार्ड लेकर बैठेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने ब्लॉक कार्यकारणी सदस्यों के प्रभार के वितरण हेतु ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में शहरी क्षेत्र में विशेष सतर्कता की आवश्यकता रहेगी। भाजपा सिस्टम का उपयोग कर शहरी क्षेत्र में खेल करने में माहिर है। 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा कि किसी भी इमारत की मजबूती उसके नींव पर आधारित होती है। ठीक उसी प्रकार से चुनावी इमारत की मजबूती बूथ की मजबूती पर आधारित होता है। कार्यकारणी के सदस्यों से उन्होंने आवाह्न किया कि इस कठिन दौर में लोकतंत्र की स्थापना के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। प्रदेश महामंत्री जेपी श्रीवास्तव ने कार्यकारणी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि अगले चुनाव को जीतने के लिए सत्तापक्ष साम-दाम-दंड-भेद सब अपनाएगा, इससे निपटने का एकमात्र तरीका मतदाताओं से सतत संपर्क होगा।

इस दौरान पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, मो इस्लाम, हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा, जीवन यादव, अमित सिंह, शंकर प्रजापति, गुरूप्रीत सिद्धू, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, सतीश बारी, निक्की खान, सोहन जायसवाल, मेराज रंगरेज, विकास शर्मा, शशांक चौधरी, पवन सिंह, आलोक गुप्ता, अमित वर्मा, बनाफर केरकेट्टा, रोशन कन्नौजिया, धनमीत छाबड़ा, शंकर लाल सिंह, उपेंद्र विश्वकर्मा, श्रीमती रूबी जैन, श्रीमती शकीला सिद्दकी, विजय बेक, मनोज तिवारी सहित ब्लॉक कार्यकारणी के सदस्य मौजूद रहे।